## न्यूज डायरी



### अमेरिका ने लेबनान को 10 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने लेबनान को एक अरब डॉलर की सैन्य सहायता दी है जिसे पहले बिना कोई कारण बताए रोक दिया गया था। कांग्रेस के एक सहयोगी ने सोमवार को बताया कि वाइट हाउस के प्रबंधन और बजट कार्यालय ने वित्तीय सहायता पर से रोक हटा ली है। ट्रंप प्रशासन लेबनान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता रोकने पर चुप्पी साधे रहा है लेकिन वह सरकार पर ईरान के नजदीक शिया आतंकवादी आंदोलन हिजबुल्ला से दूरी बनाने पर जोर देता रहा है। अपने मंत्रिमंडल में हिजबुल्ला सदस्यों को शामिल करने वाले लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरीरी ने बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शनों के चलते एक महीने पहले इस्तीफा दे दिया था।

### दुबई में अस्पताल में भर्ती कराए गए मुशर्रफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ को "हृदय एवं रक्तचाप संबंधी" समस्या की शिकायत के बाद सोमवार को दुबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉन न्यूज ने खबर दी कि 76 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति को "तत्काल उपचार की जरूरत" बता कर दुबई अमेरिकन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उन्हें यहां स्ट्रेचर पर लाया गया। उनकी पार्टी ऑल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एपीएमएल) के सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि की। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा, " उनको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं और बाद में उन्होंने सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत की।" उन्होंने कहा, "डॉक्टर उनके घर गए और उन्होंने मुशर्रफ को तुरंत भर्ती कराने की सलाह दी ताकि सेहत संबंधी कोई जटिलता नहीं हो। पूर्व राष्ट्रपति की कुछ जांचें कराई गई जो उनके स्वास्थ्य की स्थिति का पता लगाने में मददगार होंगी।" जियो न्यूज ने खबर दी कि मुशर्रफ के करीबी सहयोगी एवं एपीएमएल के पूर्व प्रमुख डॉ मोहम्मद अमजद ने कहा कि किसी अज्ञात बीमारी के चलते पूर्व राष्ट्रपति बहुत कमजोर होते जा रहे हैं।

### लंदन ब्रिज हमलावर को पाक मूल का नागरिक बताने पर प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। लंदन ब्रिज हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के व्यक्ति के रूप में की गई है। यह खबर प्रकाशित करने पर स्थानीय लोगों ने इस्लामाबाद स्थित अखबार के ऑफिस में घुसकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करने लगे। दरअसल, एक अखबार ने अपनी हेडलाइन में लिखा था कि लंदन ब्रिज हमलावर की पहचान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के इस्लामिक आतंकवादी उस्मान खान के रूप में की गई है। उस्मान ने पिछले सप्ताह लंदन ब्रिज पर किए एक आतंकवादी हमले में दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। वहीं, कई अन्य स्थानीय अखबारों ने बताया था कि उसका जन्म और पालन–पोषण ब्रिटेन में हुआ और उसका पाकिस्तान से कोई संबंध नहीं है।

### क्रिसमस गिफ्ट में क्या चाहिए यह यूएस खुद चुनेः उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सोल। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दोहराया है कि अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के पास परमाणु वार्ता के लिए समय कम होता जा रहा है। इसने कहा कि यह पूरी तरह से अमेरिका के कदम पर निर्भर करेगा कि उसे क्रिसमस पर हमसे क्या गिफ्ट मिलता है। उत्तर कोरिया अमेरिका पर लगातार दबाव बना रहा है, क्योंकि किम जॉन्ग के पारस्परिक रूप से सहमत डील के ऑफर की डेडलाइन साल के अंत में समाप्त हो रही है। बता दें कि उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग–उन और राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच फरवरी में वार्ता के बीच परमाणु डील पर कोई प्रगति नहीं हुई है। अमेरिका ने उत्तर कोरिया की उस मांग को मानने से इनकार कर दिया था जिसमें उसने कहा था कि इसके परमाणु कार्य को आंशिक रूप से बंद कर देने के एवज में उसे प्रतिबंध में व्यापक छूट मिले।

# बाजवा के खिलाफ याचिका को सेना का भी मिला है पूरा समर्थन

## आर्मी चीफ के सेवा विस्तार के खिलाफ पाक की सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**समर्थन**

■भारतीय सूत्रों का कहना है कि यह याचिका सेना के एक बड़े वर्ग द्वारा मिले समर्थन के बाद दाखिल की गई



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल कमर बाजवा के कार्यकाल बढ़ाने पर लगी रोक खुद बाजवा के लिए बहुत असहज करनेवाली स्थिति है। ऐसा कहा जा रहा है कि पाक आर्मी चीफ के कार्यकाल विस्तार में रोक लगाने के पीछे 7 वरिष्ठ आर्मी अधिकारी हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख के कार्यकाल की समाप्ति और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके सेवा विस्तार पर रोक से पहले पाकिस्तानी सेना में बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया। माना जा रहा है कि इन सबके पीछे सोची–समझी रणनीति थी और याचिकाकर्ता को भी सेना के द्वारा पूरा समर्थन मिला है।

**पाकिस्तानी सेना में बड़े फेर-बदल**

लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शम्शाद मिर्जा को चीफ ऑफ जनरल स्टाफ नियुक्त किया गया है। आर्मी चीफ के बाद यह पद सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद आमिर को विशेष सहायक जनरल का पद दिया गया है।

पाकिस्तान आर्मी की मीडिया विंग आईएसपीआर की ओर से यह लिस्ट जारी की गई है। इन सभी नियुक्तियों को रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**भारत के खिलाफ ऑपरेशन के लिए नए सैन्य अधिकारीः** इस लिस्ट में 2 और कमांडर को महत्वपूर्ण पद दिया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल शाहीन मजहर महमूद को मंगला कॉर्प्स का प्रमुख नियुक्त किया गया है। मंगला कॉर्प्स पाकिस्तान सेना में महत्वपूर्ण टुकड़ी होती है जो एलओसी और भारत के खिलाफ होनेवाले आपरेशन देखती है। इसके साथ ही पेशावर कॉर्प्स का प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नौमान महमूद को बनाया गया है। यह टुकड़ी देश के पश्चिमी बॉर्डर और ऐंटी टेरर ऑपरेशन का काम देखती है।

**बाजवा के खिलाफ याचिका सोची-समझी रणनीतिः** सुप्रीम कोर्ट में आर्मी चीफ बाजवा के खिलाफ याचिका दाखिल करने से ठीक पहले सेना में बड़े बदलाव किए गए। कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति के ऐलान के बाद मशहूर वकील रियाज हनीफ राही ने सर्वोच्च अदालत में बाजवा के सेवा विस्तार के विरोध में याचिका दाखिल की है।

राही का ट्रैक रेकॉर्ड हमेशा ऐसा रहा है कि उन्होंने आर्मी के लिए मुश्किल हालात पैदा करनेवालों के खिलाफ उन्होंने हमेशा कदम उठाया है। उनका रेकॉर्ड पाकिस्तान में याचिकाएं दाखिल करने के लिहाज से काफी विवादित रहा है।

आर्मी चीफ के सेवा विस्तार के खिलाफ दाखिल राही की याचिका के बारे में कहा जा रहा है कि बिना सेना की ओर से मजबूत समर्थन के यह याचिका दाखिल करना मुमकिन नहीं है।

## पाकिस्तान एयरलाइंस के विमान में तीन यात्रियों को पड़ा दिल का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस (पीआईए) के जेद्दा से इस्लामाबाद आ रहे एक विमान में एक दंपती समेत तीन यात्रियों को दिल का दौरा पड़ गया। इनमें से एक महिला यात्री की मौत हो गई जबकि विवाहित युगल को बचा लिया गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पाकिस्तान टुडे ने एक रिपोर्ट में बताया है कि पीआईए की विमान संख्या पीके–742 में लगभग 225 यात्री सवार थे। रविवार को तीन यात्रियों के सीने में दर्द की शिकायत करने पर विमान को कराची हवाईअड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारा गया।



**बच गए विवाहित युगल**

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि यात्रियों को अस्पताल ले जाने के लिए नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) की एक ऐम्बुलेंस डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के साथ कराची हवाईअड्डे पर पहुंची। हालांकि विमान के उतरने से पहले ही महाला बीबी की मौत हो चुकी थी। अन्य दो बीमार यात्री (विवाहित युगल) बच गए। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।



श्रीलंका के राष्ट्रपति ने एक महीने के लिए संसद सत्र स्थगित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने एक महीने के लिए संसद का सत्र स्थगित कर दिया है और अगला सत्र शुरू के लिए तीन जनवरी 2020 की तारीख तय की है। कार्यक्रम के अनुसार, संसद का सत्र मंगलवार को शुरू होना था। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने एक विशेष गजट अधिसूचना जारी कर बताया कि संसद का सत्र 3 जनवरी को फिर से शुरू किया जाएगा। यह अधिसूचना सोमवार को आधी रात से प्रभावी हो गयी। अधिकारियों ने बताया, "राष्ट्रपति के पास ऐसा करने के लिए संवैधानिक शक्ति है।"

## ईरान में प्रदर्शनों को दबाने की कार्रवाई में 208 लोगों की मौतः एमनेस्टी रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। मानवाधिकारों पर काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था एमनेस्टी इंटरनैशनल ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनों को दबाने में कई लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोल के तेजी से बढ़ते दाम के विरोध में प्रदर्शनों और उसके बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 208 लोगों की मौत हो गई है। ईरान में पेट्रोल के दाम बढ़ाने पर 15 नवंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों पर अभी तक राष्ट्रव्यापी आंकड़ें जारी नहीं किए हैं।

**प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट पर लगाई रोकः** ईरान ने प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट बंद कर दिया

बीच इंटरनेट बंद कर दिया जिससे लोग विडियो और जानकारी साझा नहीं कर पा रहे है। साथ ही बाहर की दुनिया को भी इन प्रदर्शनों और हिंसा के बारे में जानने से रोक दिया। हाल के दिनों में इंटरनेट बहाल किए जाने के बाद प्रदर्शनों के विडियो सामने आए हैं।

एमनेस्टी में ईरान के शोधार्थी मंसूरेह मिल्स ने कहा, 'हमने देखा कि एक सप्ताह के भीतर ही 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई। यह इस्लामिक गणतंत्र में मानवाधिकार उल्लंघन के इतिहास में अभूतपूर्व घटना जैसा है।'

**2009 में भी ईरान में हुआ था हिंसक प्रदर्शनः** इस बार के प्रदर्शन में उतने लोग सड़कों पर नहीं उतरे जितने 2009 के विवादित राष्ट्रपति चुनाव में आए थे, लेकिन फिर भी पेट्रोल के दाम को लेकर यह प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया। एमनेस्टी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि तेहरान के उपनगर शहरयार में दर्जनों लोगों की मौत हुई। यह शायद उन इलाकों में से एक है जहां प्रदर्शनों में सबसे अधिक लोग मारे गए।

**ईरान ने एमनेस्टी के रिपोर्ट को खारिज कियाः** शहरयार में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन हुए। न्यू यॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एमनेस्टी के आंकड़ों को अप्रमाणित बताया है।

## पाक के साइंस मंत्री ने भारत के अंतरिक्ष मिशनों को बताया गैरजिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अपने उल्टे–सीधे बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहने वाले पाकिस्तान के साइंस और टेक्नॉलजी मिनिस्टर फवाद चौधरी ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों को लेकर फिर अपनी खीझ निकाली है। इस बार उन्होंने भारत के स्पेस मिशनों को गैरजिम्मेदार बताते हुए अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस ओर ध्यान देने की अपील की है। इससे पहले, चंद्रयान–2 के लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने पर चौधरी ने भारत पर तंज कसा था कि जो काम नहीं आता, उसे नहीं करना चाहिए। बता दें कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पाकिस्तान फिसड्डी है।

पाकिस्तानी मंत्री ने मंगलवार को ट्वीट किया, श्भारत अंतरिक्ष में कचरा फैलाने के बड़ा स्रोत बनता जा रहा है, उसके गैरजिम्मेदार स्पेस मिशन पूरे इको सिस्टम के लिए खतरनाक हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों को गंभीरता से इस पर ध्यान देना चाहिए।श फवाद चौधरी को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है।